**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1200**

**11 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए**

**इस्पात की कीमतें**

**1200. प्रो॰ चिंतामणि मालवीयः**

**श्री आलोक संजरः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में इस्पात की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान औसत बाजार कीमत कितनी रही है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में उक्त अवधि के दौरान इस्पात के उत्पादन हेतु प्रयुक्त सामग्रियों की कीमतों की वास्तविक वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस्पात की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए देश से इस्पात के निर्यात को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): जी नहीं। गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान कीमतों में लगातार बढ़ने की प्रवृत्ति नहीं है। यह देखा जा सकता है कि प्रारंभिक अवधि में अप्रैल, 2015 से जनवरी, 2016 तक दोबारा कीमतों में वृद्धि होने से पहले कीमतों में गिरावट आयी थी। फिर कीमतें समेकित हुई और मार्च, 2018 तक बढ़ी। तत्पश्चात, सितंबर 2018 में कीमतें बढ़ने से पहले, कीमतों में मिश्रित रुझान दिखा। तब से जनवरी, 2019 तक कीमतों में गिरावट हुई है।

गत तीन पूर्ण वित्त वर्षों और चल रही वर्तमान वित्त वर्ष के लिए मुम्बई बाजार में कुछ इस्पात मदों की मासिक खुदरा कीमतें नीचे तालिका में दी गई हैं:

| | **मुम्बई बाजार की खुदरा कीमत** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **सभी मूल्य रुपये / टन में** | | | | | | |
| **महीना** | **टीएमटी** | **वायर रॉड** | **राउंड्स** | **प्लेट्स** | **एचआर क्वायल** | **सीआर क्वायल** | **जीपी शीट्स** |
| **मुम्बई** | **10एमएम** | **8एमएम** | **16एमएम** | **12एमएम** | **2.5एमएम** | **0.63एमएम** | **0.63एमएम** |
| अप्रैल-15 | 39581 | 38260 | 40097 | 38435 | 39506 | 43488 | 48957 |
| मई-15 | 39034 | 39999 | 41721 | 38719 | 39638 | 45019 | 49088 |
| जून-15 | 38379 | 35741 | 36777 | 36203 | 36575 | 41169 | 48825 |
| जूलाई-15 | 36623 | 32993 | 35085 | 34694 | 34694 | 39375 | 46988 |
| अगस्त-15 | 35190 | 32304 | 33562 | 33206 | 33425 | 38063 | 46988 |
| सितंबर-15 | 34469 | 32517 | 38161 | 35788 | 35919 | 38938 | 48169 |
| अक्टूबर-15 | 33872 | 31139 | 35438 | 34497 | 35350 | 38675 | 45675 |
| नवंबर-15 | 31661 | 32780 | 33567 | 31369 | 32200 | 37275 | 45938 |
| दिसंबर-15 | 30633 | 32189 | 34683 | 32419 | 32463 | 35044 | 46594 |
| जनवरी-16 | 31308 | 29252 | 31074 | 29225 | 30319 | 34038 | 42525 |
| फरवरी-16 | 33673 | 37505 | 36685 | 33075 | 33513 | 36750 | 44100 |
| मार्च-16 | 35145 | 36635 | 36160 | 34322 | 34388 | 38588 | 46725 |
| अप्रैल-16 | 35078 | 36127 | 35935 | 34388 | 35656 | 38850 | 42657 |
| मई-16 | 34821 | 40261 | 39572 | 35438 | 35831 | 39900 | 42132 |
| जून-16 | 33733 | 34421 | 33513 | 34344 | 34431 | 38675 | 42394 |
| जूलाई-16 | 31095 | 33206 | 33031 | 33885 | 34672 | 39025 | 43050 |
| अगस्त-16 | 29478 | 35605 | 30686 | 34895 | 35122 | 38987 | 42919 |
| सिंतबर-16 | 31536 | 36912 | 33763 | 35858 | 37382 | 39900 | 43313 |
| अक्टूबर-16 | 32447 | 34104 | 35927 | 37538 | 37538 | 41475 | 43313 |
| नवंबर-16 | 33685 | 39428 | 35007 | 38566 | 38270 | 43108 | 45938 |
| दिसंबर-16 | 34926 | 43638 | 36735 | 43339 | 43739 | 47602 | 55125 |
| जनवरी-17 | 38525 | 44323 | 34265 | 43824 | 44264 | 48320 | 52238 |
| फरवरी-17 | 35298 | 36601 | 33692 | 42166 | 42327 | 46843 | 52713 |
| मार्च-17 | 38098 | 40478 | 38098 | 41921 | 41783 | 47931 | 50925 |
| अप्रैल-17 | 39631 | 43057 | 43121 | 42326 | 42725 | 47057 | 52894 |
| मई-17 | 37891 | 41670 | 42378 | 41033 | 40987 | 45617 | 51975 |
| जून-17 | 36428 | 42783 | 42099 | 41278 | 41132 | 46064 | 51319 |
| जूलाई-17 | 39685 | 43955 | 43692 | 42178 | 42047 | 46488 | 52374 |
| अगस्त-17 | 38863 | 44200 | 42010 | 44159 | 44270 | 48795 | 50003 |
| सितंबर-17 | 38081 | 44727 | 41014 | 44557 | 44237 | 51389 | 54575 |
| अक्टूबर-17 | 37380 | 46132 | 40593 | 43943 | 43806 | 47200 | 50150 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नवंबर-17 | 38253 | 44055 | 39179 | 43695 | 43920 | 49068 | 54870 |
| दिसंबर-17 | 41637 | 48120 | 44308 | 44250 | 43808 | 48380 | 50003 |
| जनवरी-18 | 47191 | 46852 | 44296 | 46020 | 46595 | 52018 | 53100 |
| फरवरी-18 | 49140 | 48339 | 47333 | 51295 | 51778 | 55860 | 59590 |
| मार्च-18 | 48758 | 48710 | 46822 | 52962 | 57378 | 62304 | 64248 |
| अप्रैल-18 | 49416 | 48557 | 48970 | 54870 | 56640 | 61360 | 64055 |
| मई-18 | 49949 | 49147 | 48528 | 53513 | 54776 | 61793 | 65584 |
| जून-18 | 48998 | 49672 | 50593 | 55062 | 54351 | 64113 | 66750 |
| जूलाई-18 | 45472 | 49519 | 51404 | 54900 | 54737 | 63130 | 66051 |
| अगस्त-18 | 47233 | 49672 | 51625 | 55362 | 55554 | 64900 | 65584 |
| सितंबर-18 | 50362 | 49300 | 51183 | 56648 | 57569 | 64310 | 66051 |
| अक्टूबर-18 | 47880 | 49082 | 52805 | 56410 | 56170 | 64330 | 66438 |
| नवंबर-18 | 48224 | 48710 | 50357 | 56777 | 56362 | 63720 | 64040 |
| दिसंबर-18 | 45595 | 48120 | 49796 | 54245 | 54189 | 61360 | 61765 |
| जनवरी-19 | 45137 | 48120 | 50003 | 50655 | 50328 | 57460 | 57910 |

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)
नोट: कीमतों को प्रत्येक माह के 15वें दिन संचित किया जाता है। कीमतों में उत्पाद शुल्क और बिक्री शुल्क/जीएसटी शामिल है।

(ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और कच्चे माल की अधिप्राप्ति व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों द्वारा बाजार गतिशीलता और वाणिज्यिक सोच-विचारों को देखते हुए की जाती हैं। कुछ मुख्य कच्चे माल की कीमतें नीचे दी गई हैं, जो सांकेतिक प्रकृति की हैं और अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजार में कीमतों के प्रवाह की विस्तृत रूपरेखा प्रदान करती हैं।

| **कच्चे माल की कीमत $/टन** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **महीना** | **श्रेडिड स्क्रैप (एफओबी) रोटरडम निर्यात** | **ऑस्ट्रेलिया हार्ड कोकिंग कोल** | **सीएफआर चीन - लौह अयस्क 62% फाइन्स** | **एनएमडीसी लम्प मूल्य (रुपये/टन)** |
| अप्रैल-15 | 249.0 | 89.4 | 48.0 | 3050 |
| मई-15 | 269.0 | 82.5 | 59.0 | 3050 |
| जून-15 | 258.0 | 87.9 | 57.0 | 3050 |
| जूलाई-15 | 245.0 | 83.9 | 56.0 | 2950 |
| अगस्त-15 | 236.5 | 83.5 | 54.0 | 2950 |
| सितंबर-15 | 217.5 | 80.3 | 57.0 | 2950 |
| अक्टूबर-15 | 178.5 | 78.7 | 53.0 | 2500 |
| नवंबर-15 | 189.0 | 73.7 | 50.0 | 2100 |
| दिसंबर-15 | 186.0 | 74.9 | 36.0 | 1800 |
| जनवरी-16 | 182.0 | 76.0 | 42.0 | 1800 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फरवरी-16 | 175.5 | 74.4 | 41.0 | 1800 |
| मार्च-16 | 204.0 | 79.1 | 41.0 | 1950 |
| अप्रैल-16 | 258.0 | 92.9 | 53.0 | 2100 |
| मई-16 | 298.0 | 90.7 | 59.0 | 2000 |
| जून-16 | 221.0 | 90.5 | 60.0 | 1800 |
| जूलाई-16 | 211.0 | 96.2 | 62.0 | 1700 |
| अगस्त-16 | 219.0 | 115.7 | 66.0 | 1700 |
| सितंबर-16 | 212.0 | 194.0 | 56.0 | 1700 |
| अक्टूबर-16 | 215.0 | 234.1 | 57.0 | 2100 |
| नवंबर-16 | 256.5 | 300.7 | 78.0 | 2100 |
| दिसंबर-16 | 273.0 | 262.0 | 79.0 | 2100 |
| जनवरी-17 | 266.5 | 185.5 | 81.0 | 2225 |
| फरवरी-17 | 256.0 | 162.3 | 92.0 | 2325 |
| मार्च-17 | 272.5 | 158.3 | 88.0 | 2425 |
| अप्रैल-17 | 262.0 | 260.2 | 68.0 | 2425 |
| मई-17 | 262.0 | 171.1 | 61.0 | 2425 |
| जून-17 | 270.0 | 146.5 | 55.0 | 2425 |
| जूलाई-17 | 294.4 | 166.3 | 66.0 | 2225 |
| अगस्त-17 | 337.8 | 196.9 | 74.0 | 2225 |
| सितंबर-17 | 325.8 | 203.5 | 72.0 | 2400 |
| अक्टूबर-17 | 288.1 | 182.2 | 63.0 | 2300 |
| नवंबर-17 | 296.4 | 192.0 | 63.0 | 2300 |
| दिसंबर-17 | 337.9 | 237.3 | 72.0 | 2600 |
| जनवरी-18 | 348.7 | 239.0 | 77.0 | 3100 |
| फरवरी-18 | 337.5 | 229.1 | 78.0 | 3100 |
| मार्च-18 | 359.5 | 216.9 | 72.0 | 3000 |
| अप्रैल-18 | 344.0 | 190.1 | 64.0 | 2900 |
| मई-18 | 335.8 | 184.8 | 67.0 | 3050 |
| जून-18 | 339.2 | 198.5 | 68.0 | 3050 |
| जूलाई-18 | 328.0 | 185.0 | 64.0 | 3200 |
| अगस्त-18 | 305.5 | 182.2 | 67.0 | 3350 |
| सितंबर-18 | 307.5 | 199.3 | 68.0 | 3550 |
| अक्टूबर-18 | 313.7 | 217.1 | 69.0 | 3850 |
| नवंबर-18 | 319.3 | 220.8 | 75.1 | 3850 |
| दिसंबर-18 | 284.2 | 227.3 | 69.9 | 3250 |
| जनवरी-19 | 275.6 | 198.0 | 75.4 | 2900 |
| स्रोत: एनएमडीसी | | | | |

(घ) और (ङ): इस्पात क्षेत्र एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते सरकार इस्पात कंपनियों की कीमतों के निर्धारण में हस्तक्षेप नहीं करती। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू इस्पात की कीमतें बाजार नियंत्रित तथा माँग और आपूर्ति परिदृश्य और प्रतिस्पर्धा की गहनता पर निर्भर है। सरकार इस्पात निर्यातों पर रोक लगाने पर विचार नहीं कर रही है।

तथापि, इस्पात मंत्रालय लौह अयस्क, कोकिंग कोल और प्राकृतिक गैस जैसे कच्चे माल को उचित कीमत में उपलब्ध कराने के लिए कदम उठा रहा है ताकि इस्पात कंपनियाँ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने। सरकार कच्चे माल की प्रतिभूतिकरण हेतु विदेशी परिसंपत्तियों को अधिग्रहीत करने के लिए निजी उत्पादकों और सीपीएसई को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 शुरू की जिसमें वर्ष 2030-31 तक माँग और आपूर्ति दोनों पक्षों पर भारतीय इस्पात उद्योग हेतु दीर्घकालिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है। सरकार ने घरेलू विनिर्मित लोहा एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति को वरीयता प्रदान करने का कार्य किया है, जो बिग टिकट सरकारी खरीद और टेंडरों हेतु योग्यता पाने के लिए आयातित इनपुट स्टील पर 15% के न्यूनतम घरेलू मूल्यवर्धन को अनिवार्य करती है। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम भी है, जिसका उद्देश्य घरेलू इस्पात उद्योग को लाभान्वित करने की अपेक्षा से विभिन्न नीतिगत पहलों और प्रोत्साहन के जरिए देश के निर्माण और खनन क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है।

*****